भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1822

उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2021
7 श्रावण, 1943 (शक)

फिट इंडिया अभियान

1822. श्री फ़िरोज़ वरुण गांधी :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'फिट इंडिया' अभियान के अंतर्गत फिटनेस स्तर में सुधार करने के लिए किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ख) 'फिट इंडिया' अभियान में कॉर्पोरेट क्षेत्र का योगदान लेने के लिए क्या उपाय शुरु किए जा रहे हैं; और

(ग) इस कार्यक्रम के लिए आबंटित निधि का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) यह मंत्रालय फिट इंडिया अभियान के तहत विभिन्न हितधारकों के सहयोग से विभिन्न कार्यकलापों और अभियानों के माध्यम से फिटनेस के बारे में सक्रिय रूप से जागरूकता फैला रहा है । फिट इंडिया बैनर के तहत इस मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए प्रमुख कार्यकलापों में प्लॉग रन, स्कूल प्रमाणन प्रणाली, युवा क्लब प्रमाणन प्रणाली, स्कूल सप्ताह समारोह, साइक्लोथॉन, योग दिवस समारोह, फ्रीडम रन, लॉकडाउन के दौरान सक्रिय दिवस श्रृंखला, चैंपियन वार्ता, संवाद श्रृंखला, देशज खेल श्रृंखला, फिट इंडिया थीमैटिक अभियान और प्रभात फेरी की श्रेणी में ऑनलाइन/ ऑफलाइन कार्यकलाप शामिल हैं । इसके अलावा, विभिन्न आयु वर्गों के लिए फिट इंडिया आयु-उपयुक्त फिटनेस प्रोटोकॉल भी आरंभ किए गए हैं ।

(ख) फिट इंडिया अभियान की शुरुआत से ही यह मंत्रालय सामान्य शारीरिक कार्यकलापों को प्रदर्शित करते हुए सक्रिय रूप से फिटनेस के बारे में जागरूकता फैला रहा है जो हमेशा हमारी भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग रहे हैं । फिट इंडिया अभियान के तहत आयोजित सभी स्पर्धाओं/ कार्यकलापों में भाग लेने के लिए कॉरपोरेट्स को आमंत्रित किया जा रहा है और फिट इंडिया फ्रीडम रन, फिट इंडिया साइक्लोथॉन आदि जैसी स्पर्धाओं में उनकी भागीदारी काफी उत्साहजनक रही है ।

(ग) फिट इंडिया को जन आंदोलन बनाने में केंद्र सरकार की भूमिका उत्प्रेरक की है और इस कार्यक्रम के लिए अलग से कोई निधि आवंटित नहीं की गई है ।

****